मिनामी-तोरीशिमा द्वीप

[स्रोत: बिज़िनेस इनसाइडर](#)

हाल ही में शोधकर्त्ताओं ने **जापान के सुदूर द्वीप मिनामी-तोरीशिमा (Minami-Torishima)** के निकट समुद्र तल पर **महत्त्वपूर्ण खनिज भंडार** की खोज की है।

- इस खोज के दौरान वृहत मात्रा में **कोबाल्ट** और **निकिल** युक्त **मैंगनीज नोड्यूल्स/भंडार** पाए गए हैं।
- शोधकर्त्ताओं ने अनुमान लगाया है कि **मिनामी-तोरीशिमा द्वीप** के निकट समुद्र तल में लगभग 610,000 मीट्रिक टन कोबाल्ट और 740,000 मीट्रिक टन निकिल मौजूद है।
    - **कोबाल्ट और निकिल** दोनों ही **EV बैटरियों** के आवश्यक घटक हैं।
- कैथोड को अधिक गर्म होने से बचाने तथा बैटरियों के जीवनकाल को बढ़ाने के संदर्भ में **कोबाल्ट,** EV के लिये महत्त्वपूर्ण है जबकि **मैंगनीज** बैटरियों की कैथोड आवश्यकताओं की 61% की पूर्ति करता है।

मिनामी-तोरीशिमा द्वीप:

- वर्ष 1543 में खोजा गया **मिनामी-तोरीशिमा** द्वीप, जापान से 1,125 किमी दक्षिण-पूर्व में मध्य प्रशांत महासागर में अवस्थित एक **प्रवाल द्वीप** है।
- यह **ओगासावरा द्वीप (Ogasawara Island)** समूह के **चिचिजिमा द्वीप (Chichijima Island)** से भी लगभग 1,200 किमी दूर है।
- **त्रिकोणीय आकार का मिनामी-तोरीशिमा द्वीप** विशाल समुद्री पर्वतमाला का शिखर है और यह **मार्कस-नेकर रिज (Marcus-Necker Ridge)** पर स्थित है।
- जापान के सबसे पूर्वी छोर पर स्थित होने के कारण जापान में सबसे पहले इसी द्वीप पर सूर्योदय की घटना प्रेक्षित की जाती है।

//

और पढ़ें: [होक्काइडो, जापान का गारडन ऑफ गॉड्स]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/minami-torishima-island